St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Text: (2nd Term) **(Answer Worksheet -15)** **Date: 24.09.2020**
Topic: न्याय मंत्री **Class -4**

निम्न प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 शिशुपाल के दरबार में पहुँचने पर सम्राट अशोक ने क्या कहा ?

उ- शिशुपाल जब दरबार पहुँचे तभी सम्राट अशोक दरबार में पधारे | उन्होंने मुस्कुराते हुए शिशुपाल से कहा कि उन्होंने तो सम्राट को पहचान लिया होगा | शिशुपाल ने सम्राट से कहा था कि यदि उन्हें मौका मिला तो वह न्याय का डंका बजा देंगे |वे उनको यह मौका देना चाहते है | सम्राट अशोक ने इसके लिए उनकी सहमति पूछी |

2 न्यायमंत्री बनने के बाद शिशुपाल ने राज्य की कैसी व्यवस्था की ?

उ- न्यायमंत्री बनने के बाद शिशुपाल ने राज्य की समुचित व्यवस्था करनी शुरू कर दी | उनके सुप्रबंध से राज्य में पूरी तरह शांति रहने लगी | किसी को भी कोई डर नहीं था | यहाँ तक कि लोग अपने घर के दरवाजे भी खुले छोड़ने लगे | चारों ओर न्यायमंत्री के सुप्रबंध और न्याय की धूम मच गई |

3 न्यायमंत्री ने किस बात के लिए रात - दिन एक कर दिया ?

उ-न्यायमंत्री बनने के एक महीने बाद किसी ने रात में एक पहरेदार की हत्या कर दी | सुबह होते ही यह बात चारों तरफ फैल गई | लोग बड़े हैरान थे | शिशुपाल की तो नींद ही उड़ गई | उन्होंने खाना - पीना छोड़ दिया और अपराधी का पता लगाने में रात- दिन एक कर दिया |

4 शिशुपाल ने सम्राट के स्थान पर उनकी सोने की मूर्ति को फांसी पर लटकाने का आदेश क्यों दिया ?

उ- न्यायमंत्री ने जब सम्राट अशोक को अपराधी पाया तो अपने कर्तव्य का पालन करते हुए उन्हें मृत्युदंड दिया | उन्होंने कहा कि शास्त्रों में राजा को ईश्वर का रूप माना गया है | इसीलिए उसे ईश्वर ही दंड दे सकता है | उन्होंने आज्ञा दी कि सम्राट को चेतावनी देकर छोड़ दिया जाये | इसके साथ ही सम्राट के स्थान पर उनकी सोने की मूर्ति को फांसी पर लटका दिया जाए , जिससे लोगो को शिक्षा मिले |

Poonam Mehra